इंगोरिया में हाईटेंशन से टकराई जेसीबी, एक की मौत, दो झुलसे

- सरपंच पति की शिकायत पर
- जेसीबी से गुमटी हटा रहे थे

उज्जैन। सरपंच पति की शिकायत पर जेसीबी से गुमटी हटाने पहुंचे चालक और उसके दो साथियों के साथ हादसा हो गया गुमटी उठाते समय हाई टेंशन लाइन से करंट लगा और चालक की मौत हो गई उसके दो साथी झुलस गए। शुक्रवार सुबह मृतक चालक का पोस्टमार्टम कराया गया। इंगोरिया से रात में संदीप पिता मेहरबान भाटी 30 साल और उसके दो साथी दिनेश और मेहरबान को चरक अस्पताल लाया गया था। संदीप की मौत हो चुकी थी दिनेश और मेहरबान को उपचार के लिए भर्ती किया गया। तीनों को करंट लगा था। संगीत की मौत होने पर अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मर्ग कायम किया गया। आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि संदीप तीन बच्चों का पिता था और जेसीबी डंपर चलता था। जेसीबी उसकी थी, रात में सरपंच पति नरेंद्र ने गांव में एक गुमटी हटाने के लिए बुलाया लेकिन दो मजदूरों की जरूरत थी जिसके चलते संदीप अपने दो साथी दिनेश और मेहरबान को लेकर पहुंचा था। गुमटी उठाते समय ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन से टकरा गई इसके चलते करंट फैला था। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार मामला इंगोरिया थाना क्षेत्र का है घटना की जांच संबंधित पुलिस द्वारा की जाएगी।

जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

ग्राम नाग गुराडिया से 17 वर्षीय कुमारी राधा पिता दशरथ सूर्यवंशी को जहरीला पदार्थ खाने के बाद परिजन उज्जैन लेकर पहुंचे थे। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान रात को राधा की मौत हो गई। सूचना मिलने पर माधव नगर थाना पुलिस निजी अस्पताल पहुंची और मृतक राधा का शव पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल लाया गया। राधा ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आ पाई है।

ट्रांसको कंपनी की मेहनत देखा बाकी सरकारी विभागों में भी दौड़ा करंट

10 ट्रांसमिशन लाइनों ने रचा कीर्तिमान, नॉन स्टॉप किए बड़े काम, बाकी योजनाओं और विभागों को पीछे छोड़ा

उज्जैन। जो निर्माण कार्य विकास कार्य सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर सरकारी विभागों और निर्माण एजेंसियों के जिम में है उसमें लाचार प्रक्रिया भी चल रही है। जिला प्रशासन नगर निगम के जिम्मेदार वरिष्ठ अवसर प्रतिदिन शहर भर में जल्द कार्य पूरा करने के लिए निर्देश भी कर रहे हैं। लगातार मुख्यमंत्री से लगाकर मुख्य सचिव प्रमुख सचिवों की बैठक भी जारी है बावजूद इसके ट्रांसको कंपनी ने विद्युत मंडल के माध्यम से जो काम तेजी से निपटा दिए हैं। उसके बाद यह सफलता देखकर सरकारी विभागों में भी सिंहस्थ काम जल्द करने के लिए करंट दौड़ गया है। प्रदेश शासन के उपक्रम मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की उज्जैन स्थित 10 महत्वपूर्ण एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज (ईएचवी) ट्रांसमिशन लाइनों ने विगत चार वर्षों यानी लगभग 1500 दिनों से बिना किसी ब्रेकडाउन के निर्बाध विद्युत पारेषण कर उल्लेखनीय

कीर्तिमान स्थापित किया है। उज्जैन क्षेत्र की जिन ट्रांसमिशन लाइनों ने यह उपलब्धि हासिल की है, उनमें 400 केवी उज्जैन (ताजपुर)-आष्टा के दो सर्किट, 400 केवी उज्जैन (ताजपुर)-इंदौर के दो सर्किट तथा 220 केवी उज्जैन (ताजपुर)-नलखेड़ा के दो सर्किटों के अलावा 132 केवी उज्जैन (ताजपुर)-उद्योगपुरी के दो सर्किट, 132 केवी ज्योतिनगर-शंकरपुरा एवं 132 केवी ज्योतिनगर-उज्जैन (ताजपुर) लाइनें शामिल हैं।

तकनीक और निगरानी-नियमित पेट्रोलिंग

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क को अधिक सुरक्षित, विश्वसनीय एवं निर्बाध बनाए रखने के लिए थर्मो-विजन निरीक्षण, ड्रोन सर्विलांस, एससीएडीए आधारित रियल-टाइम मॉनिटरिंग, ऑनलाइन कंडीशन मॉनिटरिंग तथा समयबद्ध निवारक अनुरक्षण जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। नियमित लाइन पेट्रोलिंग, प्री-मानसून मेंटेनेंस, लाइन कॉरिडोर प्रबंधन, पेड़ों की कटाई-छंटाई तथा उपकरणों की सतत निगरानी के माध्यम से संभावित तकनीकी खामियों की समय रहते पहचान कर उनका निराकरण किया गया, जिससे ब्रेकडाउन की आशंकाओं को प्रभावी ढंग से रोका जा सका और ट्रांसमिशन लाइनों की विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

चुनौतियों और सफलता

आंधी-तूफान, तेज बारिश, आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक चुनौतियों और अन्य अप्रत्याशित परिस्थितियों के बावजूद इन लाइनों का सतत एवं विश्वसनीय संचालन जारी है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि उज्जैन की इन 10 लाइनों सहित प्रदेशभर में एमपी ट्रांसको की कुल 593 ईएचवी ट्रांसमिशन लाइनें भी बीते चार वर्षों से बिना किसी ब्रेकडाउन के सफलतापूर्वक संचालित होकर प्रदेश की विद्युत पारेषण व्यवस्था की मजबूती और विश्वसनीयता को प्रमाणित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि कंपनी के अभियंताओं, तकनीकी कर्मचारियों तथा अनुरक्षण कार्य में जुटे आउटसोर्स कर्मियों की दक्षता का परिणाम है।

पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है : न्यायाधीश

जिला न्यायालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण

उज्जैन। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर उज्जैन में लोक निर्माण विभाग (भवन/मार्ग) संभाग उज्जैन द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण महाअभियान आयोजित किया गया। शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने परिसर में पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण ने भी पौधारोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग (भवन, मार्ग) संभाग उज्जैन के कार्यपालन यंत्री एमएस पवार, अनुविभागीय अधिकारी पंकज शर्मा तथा विभाग के उपयंत्री एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया।

सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

उज्जैन। शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 40 में निगम मद की राशि रुपए लगभग 51 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन शुक्रवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य एवं नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री आनंद सिंह खींची, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी, पार्षद जानी बाई सतीश राठौर, जोन अध्यक्ष पुरुषोत्तम मालवीय की उपस्थिति में संपन्न किया गया। उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत प्रताप नगर क्षेत्र की विभिन्न गलियों में नगर निगम द्वारा निगम मद की राशि रुपए लगभग 51 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड एवं नाली निर्माण का कार्य करवाया जाएगा। जिससे क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उक्त सुविधा मिलने से क्षेत्र के नागरिक भी खुश नजर आए। इसी क्रम में जिन वार्डों में मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है। ऐसे वार्डों में विकास एवं निर्माण के कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। इस दौरान कल्याण शिवहरे, पंकज मिश्रा, सुनील गौठवाल, महेंद्र मरमट, इंद्रमणि राजपूत, पर्वत सिंह जाट, मोनू यादव, प्रिंस लोदवाल, पप्पू राठौर, अनिल गौड, डॉ सुधीर नागर, गौतम शेरे, धीरज राठौर, अशोक प्रजापति, गोलू दरबार, हनीफ खान, ओम जैन, सुमन नागर एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

प्रेम विवाह करने वाले युवक के साथ मारपीट

उज्जैन। प्रेम विवाह करने वाले युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। युवक को उसकी प्रेमिका के भाई और रिश्तेदारों ने बुरी तरह पीटा। युवक को उपचार के लिए उज्जैन लाया गया है। अस्पताल में भर्ती तराना तहसील के ग्राम करंज के रहने वाले लक्ष्मण पिता राजाराम 24 साल ने बताया कि दो माह पहले उसने सतीश नामक युवक के मामा की लड़की से प्रेम विवाह किया था। प्रेमिका के साथ वह बड़ोद चला गया था। कुछ दिन बाद प्रेमिका के परिजन उसे समझ कर अपने साथ ले गए थे। उसे पर दबाव बनाया जा रहा था जिसके चलते प्रेमी का वापस उसके पास आ गई थी और दोनों ग्राम करंज में रहने लगे थे। गुरुवार को प्रेमिका के मां का लड़का सतीश अपने रिश्तेदार भोला, मुकेश, धर्मेंद्र और 8-10 अन्य के साथ आया। सभी ने घेर कर उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट की है। घायल होने पर परिजन उसे उपचार के लिए उज्जैन लेकर आए हैं। मामले की जांच तराना पुलिस द्वारा घायल के बयान दर्ज कर की जाएगी।

एक नजर में



अधिकारियों की पदोन्नति पर अभिनंदन

उज्जैन। जिलाअभियोजन कार्यालय में 17 जुलाई की दोपहर 2 बजे अतिरिक्त जिलाअभियोजन अधिकारी से उपसंचालक अभियोजन अधिकारी के पद पर पदोन्नत होने पर सूरज बछेरिया, जिलाअभियोजन अधिकारी से उप संचालक अभियोजन अधिकारी के पद पर पदोन्नत होने पर राजेन्द्र खाण्डेकर एवं सहायक जिलाअभियोजन अधिकारी के पद से जिला अभियोजन अधिकारी के पद पर उमेशसिंह तोमर के पदोन्नत होने पर तीनों अधिकारियों का साफ़ा बांधकर, माला,पुष्पमाला तथा अंगवस्त्र से मंण्डल अभिभाषक संघ के अध्यक्ष ओम सारवान, हरदयालसिंह एडवोकेट, दिनेशचंन्द्र पंड्या, पं. योगेश व्यास, कुलदीपसिंह भदौरिया, कर्णसिंह, दीपकसिंह चुण्डावत, राजेन्द्रसिंह असावत, राधे राजपूत, मुकेश उपाध्याय, आशीष सोलंकी आदि ने अभिनंन्दन किया।

पूर्णाहुति पर निकलेगा चल समारोह

उज्जैन। धर्म प्रचारक संस्थान द्वारा आयोजित संगीतमय 1008 हनुमान चालीसा पाठ का समापन रविवार 19 जुलाई को होगा। विश्राम दिवस पर दमदमा स्थित श्रीनाथ चंद्रेश्वर मंदिर ग्राउंड पर पूर्णाहुति, चल समारोह और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। संस्थान के प्रमुख देवेंद्र विश्वकर्मा और अनुराग गोमे ने बताया कि रविवार प्रात : 8 बजे से हनुमान चालीसा पाठ एवं हवन के साथ अनुष्ठान शुरू होंगे। सुबह 10 बजे महाआरती की जाएगी और इसके पश्चात चल समारोह निकाला जाएगा। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। सुरेश रैकवार और कमल विश्वकर्मा ने बताया कि आयोजन की तैयारियों में संस्थान के सदस्य पंडित दर्पण शर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, मयंक विश्वकर्मा, मोहित सूर्यवंशी, कौस्तुभ विश्वकर्मा, राजेंद्र वशिष्ठ, मनीष बाबा, महंत हरि भिया, पारस कनेरिया, सनी ठाकुर, अकलेश गहलोत, प्रदीप महावल, यश मालवीय, जयश मालवीय, अगत सोलंकी, वैभव भावसार, मयंक जागीरदार, विजय परमार, कैलाश मालवीय सहित समस्त राम भक्त परिवार जुटा हुआ है।

शिव स्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए विदेशी दर्शक

उज्जैन। शहर की कथक नृत्यांगना उर्वशी कुशवाह ने रूस की राजधानी मॉस्को में अपनी शानदार प्रस्तुति से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। भारतीय दूतावास और भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के जवाहरलाल नेहरू कल्चर सेंटर द्वारा मॉस्को में आयोजित समर बाज़ार कार्यक्रम में उनके नृत्य ने उपस्थित दर्शकों और अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत के राजदूत मौजूद थे, जिनके सामने उर्वशी ने अपने नृत्य से उज्जैन और देश का मान बढ़ाया। उर्वशी ने अपनी प्रस्तुति का आरंभ शिव स्तुति से किया। इसके पश्चात तकनीकी पक्ष में 16 मात्रा के तीनताल की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कथक के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मुकाम हासिल करने वाली उर्वशी ने अपने नृत्य की प्रारंभिक शिक्षा उज्जैन में ही पं. हरिहरेश्वर पोद्दार से प्राप्त की है।

आज शिंजिनी बिखेरेंगी कथक का जादू

उज्जैन। भारतीय शास्त्रीय संस्कृति को समर्पित सांस्कृतिक संध्या आगमन सावन का आमद सीजन 3 का आर्योजन आज शाम 7 बजे कालिदास अकादमी के संकुल हॉल में किया जाएगा। इस भव्य आयोजन का मुख्य आकर्षण देश की सुप्रसिद्ध युवा कथक नृत्यांगना शिंजिनी कुलकर्णी की मनमोहक प्रस्तुति रहेगी। खुशी राजेश लश्करी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की अनेक विशिष्ट हस्तियां मौजूद रहेंगी। समारोह के दौरान गूंज संस्था द्वारा शुभेक्षा इंफ्राबुल्स के आकाश लश्करी को बेस्ट एंटरप्रेन्योर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार कला प्रेमियों के लिए कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णत : नि :शुल्क रखा गया है।

गिरफ्त में आया कातिलाना हमला करने वाला आरोपी

उज्जैन। बिरलाग्राम थाना क्षेत्र के विद्यानगर में 14 जुलाई को रात 11 बजे संतोष पिता रामसिंह निषाद 38 साल घर लौट रहा था। उसी दौरान विद्यानगर में रहने वाले बलराम पिता मोहनलाल ने पुरानी रंजिश में संतोष का रास्ता रोक कातिलाना हमला कर दिया था। हमलावर ने बाल काटने के उस्तरे से गले पर वार किया था।

घटनाक्रम देख आसपास के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे थे, इस दौरान बलराम ने उन्हे भी जान से मारने की धमकी दी थी और भाग निकला था। गंभीर घायल संतोष को उपचार के लिये नागदा जनसेवा अस्पताल भेजा गया था, मामले में घायल के रिश्तेदार पूनम साहनी की शिकायत पर हमलावर के खिलाफ कातिलाना हमले की धारा 109 (1), 296 (अ), 351 (3) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया था। थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एसआई संजय माथुर, शांतिलाल मौर्य, एएसआई दयाशंकर, प्रधान आरक्षक नरेंद्र, संग्राम, आरक्षक संदीप यादव, नटवर सिंह की टीम बनाई गई और उसके ठिकानों का पता लगाकर दबिश दी गई। 36 घंटे बाद हमलावर बलराम हिरासत में आ गया। उसकी निशानदेही पर उस्तरा और ब्लेड़ बरामद की गई है। आरोपी को गुरूवार दोपहर न्यायालय में पेश किया था, जहां से 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

शराब के साथ पकड़ाए बदमाशों ने काबूली भैंस चोरी की वारदात

उज्जैन/महिदपुर। रात के अंधेरे में बिना नम्बर की पिकअप से अवैध शराब का परिवहन होने की खबर मिलने पर पुलिस ने नाकाबंदी की। पिकअप को रोकने पर उसमें कच्ची शराब से भरी केन मिली। 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। दोनों ने पूछताछ में भैंस चोरी की वारदात भी कबूल की है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि बुधवार-गुरूवार रात खबर मिली थी कि बिना नम्बर की पिकअप में अवैध शराब का परिवहन हो रहा है। सूचना पर रसूलपुरा फंटा पर नाकाबंदी की गई। बिना नम्बर की पिकअप आने पर रोका गया, उसमें 2 व्यक्ति सवार थे, दोनों को हिरासत में लिया गया और पिकअप की तलाशी ली गई। उसमें 30 लीटर कच्ची शराब से भरी केन बरामद हो गई। दोनों को थाने लाया गया और पूछताछ शुरू की गई। उनके नाम सुरेश गायरी निवासी खासपुरा आलोट और धीरब कंजर निवासी अरनिया डेरा सामने आये। दोनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 49-ए का प्रकरण दर्ज कर 5 लाख कीमत की पिकअप जब्त की गई। दोनों को गुरुवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

दोनों से साथियों की जानकारी जुटाई जा रही

दोनों से अवैध शराब के स्त्रोत और अवैध कारोबार में शामिल साथियों की जानकारी जुटाई जा रही थी, इस दौरान उनसे भैंस चोरी की वारदात का भी खुलासा हो गया। थाना प्रभारी के अनुसार दोनों बदमाशों ने 14-15 जुलाई की रात महिदपुर के रहने वाले संजय बगाना के खेत से भैंस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था दोनों के निशान देही पर चोरी की 2 भैंस बरामद की गई है।

ब्रिगेडियर उस्मान की जयंती पर किया वीर सपूत को नमन

शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद की गई महावीर चक्र विजेता की शौर्य गाथा

उज्जैन। महावीर चक्र से सम्मानित और नौशेरा के शेर के नाम से विख्यात देश के महान सपूत ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान की 124वीं जयंती मनाई गई। शहीद पार्क स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्पवर्षा कर उन्हें और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

समाजसेवी सैयद रिजवान और रईसुलहसन जागीरदार ने कहा कि

ब्रिगेडियर उस्मान ने देश को सर्वोच्च प्राथमिकता दी और अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान योद्धा थे। महाकाल शयन आरती के वरिष्ठ सदस्य चेतन ठक्कर ने अमर शहीद को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। अध्यक्ष पंकज जायसवाल और संरक्षक आबिद अली मीर ने ब्रिगेडियर उस्मान के जीवन पर विस्तृत जानकारी दी। 3 जुलाई 1948 को वे वीरगति को प्राप्त हुए। अदम्य साहस के लिए उन्हें देश के दूसरे सर्वोच्च सैन्य सम्मान महावीर चक्र से नवाजा गया। वे अपने गांव के छात्र-छात्राओं और परिवारों की आर्थिक मदद भी किया करते थे।

यह रह श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित

श्रद्धांजलि सभा में डॉ. तेज कुमार मालवीय, जगन्नाथ अष्टकर, सादिक मंसूरी, लियाकत खान, जसवंत सिंह, इकबाल हुसैन, रईस अहमद, शाकिर शेख, सैयद उस्मान हसन और इकबाल उस्मानी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जानकारी धर्मेंद्र राठौर और नासिर मंसूरी ने दी।

वार्ड 42 में नवीन स्टील की कुर्सियों का लोकार्पण

उज्जैन। वार्ड क्रमांक 42 अंतर्गत सेठी नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर उद्यान में निगम अध्यक्ष कलावती यादव के मुख्य आतिथ्य में एवं विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, गजेंद्र खत्री, पार्षद अंजलि बालकृष्ण पटेल, विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश यादव की उपस्थिति में वार्ड अंतर्गत आने वाले विभिन्न मंदिरों एवं उद्यानों में नागरिकों के बैठने के लिए नगर निगम द्वारा वार्ड पार्षद मद की राशि से 25 नवीन स्टील की कुर्सियों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान कुलदीप पांचाल, कालू यादव, पार्षद प्रतिनिधि बालकृष्ण पटेल, खुशाल गुप्ता, गौपाल बलवानी, विपुल नागर, राजेंद्र शर्मा, प्रशांत सिकरवार, तेज सिंह सेंगर, किंशु सक्सेना, पद्मजा रघुवंशी एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

जूनी ताजपुर में बुजुर्ग मां घर लौटी तो फांसी पर लटका मिला पुत्र

ड्राइवरी करता था और शराब पीने का आदी था

उज्जैन। पारिवारिक विवाद के चलते कुछ दिन पहले पत्नी बच्चे ड्राइवर को छोड़कर चले गए थे वापस नहीं आने पर ड्राइवर ने फांसी लगा ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि जुनी ताजपुर में रहने वाली बुजुर्ग धापू बाई सोलंकी ने आसपास के लोगों की मदद से सूचना दी की उसके 52 वर्षीय पुत्र राजाराम पिता कालूराम सोलंकी ने घर में रस्सी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली है। पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को नीचे उतारा गया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि राजाराम ड्राइवरी करता था और शराब पीने का आदी था। जिसके चलते एक माह पहले पत्नी और बच्चे उसे छोड़कर चले गए थे। संभवत इसी वियोग में उसने फांसी लगाई है वह अपनी बुजुर्ग मां के साथ अकेला रहता था। परिजनों का कहना था कि राजाराम के फांसी लगाने की खबर मिलने पर पत्नी और बच्चे लौट आए हैं।

एक नजर में — महाकाल लोक बनने के बाद लगातार भीड़, वर्ष 2023 से 25 तक का हिसाब

20 करोड़ लोगों ने किए महाकाल दर्शन, 356 करोड़ का दान आया

उज्जैन। महाकाल मंदिर में वर्ष 2023 से 2025 तक 20 करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके है तो इस दौरान 356 करोड़ का दान भी आया। 2026 की बात करे तो अभी रोजाना एक-डेढ़ लाख श्रद्धालु आ रहे हैं।

मंदिर समिति के प्रशासक प्रथम कौशिक के अनुसार यह भीड़ महाकाल लोक बनने के बाद से बढ़ी है। भीड़ बढ़ी तो जाहिर है दान में भी इजाफा होगा। 2022 के अक्टूबर में महाकाल लोक शुरू हो गया था। इसके बाद से श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ना शुरू हुई। मंदिर में दान के अलग अलग स्त्रोत है। जैसे श्रद्धालु दान पेटी में जो चढ़ाते हैं। उससे समिति को पिछले तीन साल में 175.70 करोड़ रुपए का नकद दान मिला है। समिति प्रसाद के रूप में लड्डू की बिक्री करती है। जिससे 180.77



करोड़ रुपए की आय हुई। गुप्त दान की बात करे तो 4.65 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। इन सब से मिलाकर अब मंदिर के खजाने में 472 करोड़ रुपए है।

पहले रोज 25 हजार आते थे अब लाखों में

महाकाल मंदिर में रोजाना 20-25 हजार श्रद्धालु ही आते थे। 2022 में महाकाल के लोक बनने के बाद साल 2023 में 5 .30 करोड़ श्रद्धालुओं ने महाकाल के दर्शन किए। 2024 में भी लगभग इतने ही श्रद्धालु आए। लेकिन 2025 में रिकॉर्ड तोड़ आंकड़ा 8 .42 करोड़ तक पहुंच गया। वर्तमान में प्रतिदिन 1 से डेढ़ लाख श्रद्धालु आ रहे हैं। त्योहार के समय यह आंकड़ा 2 से 5 लाख तक भी पहुंच जाता है।

महाकाल लोक में लगे गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा

उज्जैन। महाकाल लोक में नाथ संप्रदाय के आराध्य श्री गुरु गोरखनाथ महाराज की 108 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा स्थापित करने की मांग जोर पकड़ने लगी है। भर्तृहरि गुफा और मां बगलामुखी धाम के गादीपति महंत रामनाथ महाराज की इस मांग का अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष डॉ. रविंद्रपुरी महाराज ने समर्थन किया है। अध्यक्ष डॉ. रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि गुरु गोरखनाथ जी को भगवान शिव का ही अवतार माना जाता है। महाकाल लोक में जिस प्रकार सभी देवी-देवताओं और ऋषि-मुनियों की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, उसी तर्ज पर यहां गुरु गोरखनाथ की प्रतिमा भी स्थापित होनी चाहिए। अखाड़ा परिषद ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से यह मांग की है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के मीडिया प्रभारी डॉ. गोविंद सोलंकी ने बताया कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत डॉ. रविंद्रपुरी महाराज और महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करेंगे। प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर इस संबंध में विस्तार से चर्चा करेगा और प्रतिमा स्थापित करने पर जोर देगा।